# UNIVERSITY NEWS 20 DECEMBER 2025

## AMAR UJALA

### लविवि व संबद्ध महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए रोजगार के मौके

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय व संबद्ध महाविद्यालयों के स्नातक विद्यार्थियों के लिए नोएडा पावर कंपनी लिमिटेड (एनपीसीएल) और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) में रोजगार के अवसर हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 21 दिसंबर है। कंपनियां करीब 150 पदों पर भर्तियां करेंगी। लविवि के केंद्रीय प्लेसमेंट सेल के एडिशनल डायरेक्टर डॉ. हिमांशु पांडेय ने बताया कि नोएडा पावर कंपनी लिमिटेड एनपीसीएल, आरपी संजीव गोयनका ग्रुप व ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण का संयुक्त उपक्रम है। एनपीसीएल की ओर से मैनेजमेंट ट्रेनी कोर इलेक्ट्रिकल पद के लिए बीटेक इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के 2026 बैच के विद्यार्थियों से आवेदन मांगे गए हैं। चयनित अभ्यर्थियों को सात लाख वार्षिक (सीटीसी) का पैकेज दिया जाएगा। (संवाद)

### लविवि : परीक्षाएं छह जनवरी से

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय व संबद्ध महाविद्यालयों में बीए, बीएससी और बीकॉम एनईपी प्रथम वर्ष की परीक्षाएं छह जनवरी से शुरू होंगी। लविवि की ओर से शुक्रवार को तीनों वर्ग के विद्यार्थियों का परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया गया। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी के अनुसार विषयवार परीक्षा कार्यक्रम विवि की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर अपलोड है। आपत्ति है तो 24 दिसंबर तक परीक्षा नियंत्रक के ईमेल coe@lkouniv.ac.in या व्हाट्सएप नंबर 7991200506 पर भेज सकते हैं। परीक्षा कार्यक्रम के मुताबिक बीए एनईपी प्रथम सेमेस्टर का पहला पेपर अंग्रेजी और संस्कृत का होगा। बीएससी में मानव विज्ञान और बीकॉम प्रथम सेमेस्टर में पहला पेपर फाइनेंशियल अकाउंटिंग का होगा। (संवाद)

### 'स्वदेशी तकनीकें आज भी प्रभावी'

**लखनऊ।** लखनऊ विवि के मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग सेंटर की ओर से आयोजित छह दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम के पांचवें दिन शुक्रवार को चार सत्र हुए। पहले सत्र में संदीप कुमार सिंह ने पारंपरिक जल प्रबंधन तकनीकों पर व्याख्यान दिया। बताया कि स्वदेशी तकनीकें पारिस्थितिकी संतुलन के संरक्षण में आज भी अत्यंत प्रभावी हैं। उन्होंने वर्षा जल संचयन और पारंपरिक जल संरचनाओं की उपयोगिता पर जोर दिया। दूसरे सत्र में डॉ. मनोज कुमार त्रिपाठी ने पारंपरिक ज्ञान की सुरक्षा में कानूनी ढांचा और चुनौतियां विषय पर चर्चा की। (माई सिटी रिपोर्टर)

### लविविः महिला टेबल टेनिस की टीम क्वार्टर फाइनल में

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय की महिला टेबल टेनिस टीम ने ऑल इंडिया नॉर्थ जोन-2025-26, महिला टेबल टेनिस प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। यह प्रतियोगिता पंजाब स्थित चितकारा विश्वविद्यालय में 17 से 21 दिसंबर तक आयोजित की जा रही है। इसमें देशभर के 68 से अधिक विश्वविद्यालयों की टीमें हिस्सा ले रही हैं।

प्रतियोगिता के तीसरे दिन शुक्रवार को लखनऊ विश्वविद्यालय की महिला टीम ने प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबले में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की टीम को पराजित कर यह उपलब्धि हासिल की। टीम की कप्तान प्रज्ञा मिश्रा के नेतृत्व में अमीषा वर्मा, साक्षी तिवारी, रिया कश्यप और विनिता सहानी ने दमदार खेल का प्रदर्शन किया। टीम मैनेजर डॉ. उग्रसेन वर्मा के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों के आत्मविश्वास और तालमेल की सराहना हुई। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मनुका खन्ना और एथलेटिक एसोसिएशन के सचिव प्रो. अजय आर्या ने टीम को बधाई दी। (माईसिटी रिपोर्टर)

## AMRIT VICHAR

### स्नातक परीक्षाओं का कार्यक्रम घोषित

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय ने बीकॉम सेमेस्टर एक एनईपी रेगुलर और इंप्रूवमेंट परीक्षा का कार्यकम जारी कर दिया है। यह परीक्षाएं 8 जनवरी से 19 जनवरी के बीच संपादित की जाएंगी। इसी प्रकार बीएससी पहला सेमेस्टर और बीए प्रथम सेमेस्टर की गणित, सांख्यिकी एनईपी रेगुलर और इंप्रूवमेंट की परीक्षाएं 6 जनवरी से 20 जनवरी के मध्य होंगी। बीए प्रथम सेमेस्टर एनईपी गणित व सांख्यिकी को छोड़कर अन्य विषयों की परीक्षाएं 6 जनवरी से 24 जनवरी तक आयोजित की गई हैं। छात्र-छात्राएं अपने विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम विश्वविद्यालय की बेवसाइट पर देख सकते हैं।



कुलपति को ज्ञापन सौंपतीं छात्राएं व छात्र ।

### छात्राओं ने कुलपति को सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के महिला छात्रावासों की बदहाल स्थिति और शौचालयों में गंदगी को लेकर एनएसयूआई के छात्र-छात्राओं ने कुलपति से शिकायत कर तत्काल समाधान की मांग किया। मांगे न माने जाने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। विश्वविद्यालय में एनएसयूआई द्वारा विश्वविद्यालय के शौचालय में महिलाओं को मिल रही असुविधाएं साफ-सफाई को लेकर कुलपति ज्ञापन दिया जिसमें मांग की गई है कि विश्वविद्यालय के शौचालय में महिलाओं के लिए सैनिटरी पैड की व्यवस्था की जाए। शौचालयों में टॉयलेट पेपर और हैंड वॉश की व्यवस्था नहीं है जिसे ठीक किया जाए। इसके अलावा प्रतिदिन साफ-सफाई की व्यवस्था की जाए।

### दशमोत्तर छात्रवृत्ति आवेदन 24 तक

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के अंतर्गत दशमोत्तर छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति योजना से लाभ प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं के लिए आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी समस्त संलग्नकों सहित 24 दिसंबर तक अनिवार्य रूप से संबंधित संस्था में जमा करनी होगी। कुलसचिव द्वारा स्पष्ट किया गया है कि निर्धारित तिथि के बाद किसी भी परिस्थिति में आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं छात्र या छात्रा की होगी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने छात्रों से सहयोग की अपेक्षा करते हुए समयबद्ध कार्रवाई करने का आग्रह किया है।



छह-दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम के अंतर्गत कुलपति के साथ प्रतिभागी।

### स्वदेशी तकनीक प्रभावी

**अमृत विचार , लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग सेंटर में आयोजित कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम में विभिन्न विषयों पर चर्चा आयोजित की गई। जल प्रबंधन तकनीकों पर संदीप कुमार सिंह ने कहा कि भारतीय पारिस्थितिकी संतुलन के संरक्षण में स्वदेशी तकनीकें प्रभावी हैं। दूसरा सेशन पारंपरिक ज्ञान की सुरक्षा में कानूनी ढांचा और चुनौतियां विषय पर डॉ . मनोज कुमार त्रिपाठी ने सांस्कृतिक तत्वों के संरक्षण के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले कानूनी ढांचों पर चर्चा की।

### सहयुक्त महाविद्यालयों के परीक्षा कार्यक्रम घोषित

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय से सहयुक्त महाविद्यालयों की विषम सेमेस्टर-2025 की प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाओं का अनन्तिम परीक्षा कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। विश्वविद्यालय की ओर से कहा गया है कि परीक्षा कार्यक्रम के सम्बन्ध में सुझाव 24 दिसंबर तक दिए जा सकते हैं।

## HINDUSTAN

### एलयू में सेमेस्टर की परीक्षाएं छह से

**लखनऊ।** एलयू में विषम सेमेस्टर परीक्षा के तहत स्नातक स्तर पर बीए, बीकॉम और बीएससी प्रथम सेमेस्टर का अनंतिम परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया गया। जिस पर सुझाव देने के लिए 24 दिसंबर तक का समय निर्धारित है।

परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि बीए एनईपी रेगुलर व इंप्रूवमेंट प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा छह से 24 जनवरी, बीकॉम प्रथम सेमेस्टर की आठ से 19 जनवरी और बीएससी की छह से 20 तक होंगी। शेड्यूल विवि की वेबसाइट पर है। परीक्षा नियंत्रक का कहना है कि प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा फॉर्म जारी किए गए थे। फॉर्म समर्थ पोर्टल से 20 दिसंबर तक भर सकेंगे।

### एलयू छात्र-छात्राओं के पास नौकरी पाने का मौका

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के स्नातक छात्रों के लिए नोएडा पावर कंपनी लिमिटेड (एनपीसीएल) और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) में नौकरी पाने का मौका है। केंद्रीय प्लेसमेंट सेल के एडिशनल डायरेक्टर डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि नोएडा पावर कंपनी लिमिटेड (एनपीसीएल), आरपी-संजीव गोयनका ग्रुप व ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण का संयुक्त उपक्रम है।

### एलयू की महिला टीटी टीम क्वार्टर फाइनल में

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय की महिला टेबल टेनिस टीम ने पंजाब के चितकारा विवि में आयोजित ऑल इंडिया नॉर्थ जोन 2025-26 की महिला टेबल टेनिस प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में अपना स्थान पक्का कर लिया है। टीम मैनेजर डॉ. उग्रसेन वर्मा ने बताया कि 17 से 21 दिसंबर तक आयोजित इस प्रतियोगिता में कुल 68 विश्वविद्यालयों की टीम ने प्रतिभाग किया।

### कुलपति ने छात्रों से कॉफी पर चर्चा की

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में कुलपति प्रोफेसर मनुका खन्ना ने शुक्रवार को मंथन हॉल में कॉफी विद वॉइस चांसलर कार्यक्रम के तहत मेधावी छात्र परिषद से मुलाकात की। इस दौरान चयनित पदाधिकारियों को सर्टिफिकेट भी प्रदान किए गए। परिषद के सदस्यों ने कुलपति से अपने विचारों और सुझावों अपने विचार रखे। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रोफेसर वीके शर्मा समेत अन्य मौजूद रहे।

## DAINIK JAGRAN

### लवि : छात्रवृत्ति आवेदन के लिए विद्यार्थियों की बायोमीट्रक 31 से

जासं • लखनऊः लखनऊ विश्वविद्यालय ने सत्र 2025-26 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए विद्यार्थियों की बायोमीट्रिक के लिए रिसीविंग संख्या में वृत्ति करते समय सारिणी जारी की है।

कुलसचिव डा. भावना मिश्रा की ओर से जारी पत्र के अनुसार सामान्य वर्ग में 2101 से 2300 रिसीविंग नंबर वाले विद्यार्थियों की बायोमीट्रिक 31 जनवरी, ओबीसी वर्ग में 2701 से 2900 रिसीविंग नंबर वालों को एक जनवरी, सामान्य वर्ग 2301 से 2500 नंबर तक दो जनवरी, 2901 से 3100 नंबर तक ओबीसी वर्ग वालों को तीन जनवरी को बायोमीट्रिक के लिए उपस्थित होना है।

वहीं, पांच जनवरी को सामान्य वर्ग में 2501 से 2800 वालों को सुबह 11 से दोपहर 1:30 बजे और एससी-एसटी में 1501 से 1800 रिसीविंग नवंबर वालों को दोपहर दो से शाम 4:30 बजे तक आना है।

#### मेधावी छात्र परिषद को दिए गए प्रमाण पत्र

लखनऊ : लवि के मंथन हाल में "काफी विद वाइस चांसलर" कार्यक्रम के अंतर्गत सत्र 2025-26 के लिए चयनित मेधावी छात्र परिषद के सदस्यों ने कुलपति प्रोफेसर मनुका खन्ना से औपचारिक मुलाकात की। इस अवसर पर कुलपति ने चयनित सदस्यों को प्रमाण पत्र दिया। सदस्यों ने अपने विचारों व सुझावों के साथ काउंसिल की भूमिका भी बतायी। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो . वीके शर्मा, प्रो . अशोक कुमार कैथल, डा . विनीत मैक्सवेल डेविड व डा . आनंद पाडे उपस्थित रहे। वि.

वहीं दूसरी ओर, द्वितीय परिसर में छह जनवरी को बायोमीट्रिक के लिए सामान्य वर्ग में 301 से 450 रिसीविंग नंबर, ओबीसी में 301 से 450 और एससी-एसटी वर्ग में 201 से 300 वालों को आना है।

### स्नातक प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं छह से

जासं • लखनऊ : लवि एवं सहयुक्त महाविद्यालयों में अध्ययनरत स्नातक प्रथम सेमेस्टर-2025 की परीक्षाओं के लिए अनंतिम समय सारिणी शुक्रवार को जारी कर दी गई। यह परीक्षाएं छह से 20 जनवरी तक संचालित की जाएंगी। विद्यार्थी विस्तृत कार्यक्रम लवि की वेबसाइट https://www.lkouniv.ac.in/ पर देख सकते हैं।

परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी की ओर से जारी सूचना के अनुसार बी.ए और बी.एससी (एनईपी) प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं छह से 20 जनवरी प्रस्तावित की गई हैं। वहीं, बी.काम प्रथम सेमेस्टर (एनईपी) रेगुलर व इम्प्रूवमेंट की परीक्षाएं आठ से 19 जनवरी तक होंगी।

इस परीक्षा कार्यक्रम के संबंध में कोई आपत्ति एवं सुझाव 24 दिसंबर को शाम पांच बजे तक परीक्षा नियंत्रक की ई-मेल coe@lkouniv.ac.in अथवा व्हाट्सअप नंबर 7991200506 पर उपलब्ध करा सकते हैं।

### लवि की महिला टीम क्वार्टर फाइनल में पहुंची

लखनऊ : आल इंडिया नार्थ जोन 2025-26 की महिला टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन पंजाब के चितकारा विश्वविद्यालय की ओर से 21 दिसंबर तक कराया जा रहा है, जिसमें 68 से अधिक विश्वविद्यालय सम्मलित हुए हैं। लखनऊ विश्वविद्यालय की महिला टीम ने भी इसमें शामिल होकर प्रतियोगिता के तीसरे दिन प्री-क्वार्टर फाइनल में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की महिला टीम को हराकार क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है ।

इस अवसर पर लवि की कुलपति प्रो. मनुका खन्ना एवं लवि एथलेटिक एसोसिएशन के सचिव प्रोफेसर अजय आर्या ने टीम के मैनेजर डा. उग्रसेन वर्मा, टीम की कप्तान, प्रज्ञा मिश्रा एवं सभी खिलाड़ियों अमीषा वर्मा, साक्षी तिवारी, रिया कश्यप और विनीता सहानी आदि के शानदार प्रदर्शन पर बधाईयां दी।